**30/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

0000000000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण पर राज्य विधानसभाओं की समितियाँ गठित करने का आह्वान किया जहाँ अब तक तक ऐसी समितियाँ गठित नहीं की गई हैं। आज भुवनेश्वर में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण पर संसद और राज्य विधानसभाओं की समितियों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में श्री बिरला ने कहा कि इन संसदीय समिति को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए ऐसी समितियों की सिफारिश करनी चाहिए।

0000000000000000000000

तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत शारीरिक गतिविधी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोईमुख में बैडमिंटन खेल में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राज्य के युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने राज्य की युवा पीढ़ी की क्षमता को निखारने के लिए व्यवस्थित प्रतिभा खोज की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेज़बानी के लिए भारत की दावेदारी की याद दिलाते हुए, राज्य के युवाओं, विशेषकर नए खिलाड़ियों से समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ खुद को तैयार करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास एवं हस्तशिल्प आयुक्त मिमुम तायेंग, कौशल विकास सचिव बुलो मामू और ICDS के उप निदेशक माची गाओ के साथ आज नाहरलागुन के बी-सेक्टर स्थित ओजू वेलफ़ेयर असोसिएशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कटिंग और टेलरिंग वोकेशनल सेंटर का भी जायज़ा लिया। इसके अलावा, मुख्य सचिव ने 9वें बैच के उत्तीर्ण छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित कर छात्रों के साथ बातचीत भी की। अपने संबोधन में, उन्होंने वोकेशनल ट्रैनिंग्स को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जिसकी राज्य में काफी संभावनाएं हैं, जो अधिक रोजगार के अवसर

पैदा करने के साथ ही आय में वृद्धि कर सकते हैं। दौरे के तहत मुख्य सचिव को महिलाओं के लिए एंब्रोइड्री और ब्यूटी पार्लर कौर्स को फिर से शुरू करने के लिए टू पोइंट मेमोरेंडम सौंपा गया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने फ्रंटियर हाईवे के हुनली-हायुलियांग मार्ग की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा होने के बाद यह राजमार्ग न केवल पर्यटन के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि लोअर दिबांग वैली को लोहित और आंजाव से जोड़कर एक मज़बूत रणनीतिक संपर्क भी स्थापित करेगा, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा मज़बूत होगी। इस अवसर पर राज्य के भूमि प्रबंधन मंत्री बालो राजा, मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता और तेजू विधायक डॉ. मोहेश चाई भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के नागारिक विमानन मंत्री बालो राजा के साथ तीसरे पूर्वोत्तर विमानन शिखर सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी कि 4 सितंबर को ईटानगर में, वे विमानन क्षेत्र को मज़बूत करने और पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अवसर पैदा करने के रोडमैप पर काम करेंगे।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे के लिए ऑरेंज अलर्ट और अन्य 18 जिलों के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इन अनुमानों का स्वागत करते हुए कहा है कि भारत सुधारों से प्रेरित वैश्विक विकास इंजन है। विश्व की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है और ये आंकडे शानदार हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत सुधारों से प्रेरित वैश्विक विकास केन्द्र है।

0000000000000000000000